प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## मुख्य समाचार

- देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से शुरू–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– किसानों को दी जाएगी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी।
- वन आवरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को दी मंजूरी।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने का व्यक्त किया अनुमान।
- और पहली से 5 जून तक होगा अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

केंद्र सरकार ने आज से देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया है जो 12 जून तक जारी रहेगा। इसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। अभियान के दौरान किसानों को जैविक व प्राकृतिक खेती, आधुनिक बीज किस्में, ड्रोन तकनीक, डिजिटल कृषि, कृषि स्टार्टअप्स और फसल बीमा जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये अपने आप में एक अनोखी पहल है और देशभर में दो हजार से अधिक टीमें गांव–गांव जाकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देंगी।

इस बीच कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कांगड़ा ज़िले के ज्वाली से विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया।

## विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सिंधू जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आतंकवाद और वार्ता एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को उन आतंकवादियों को भारत को सौंपना चाहिए जिनकी सूची कुछ साल पहले उसे सौंपी गई थी।

***इंडस वॉटर ट्रीटी का सवाल है कि जब तक पाकिस्तान विश्वसनीय तरीके से अपना जो गतिविधि है आतंकवाद को बढ़ावा देने का उसको जब तक नहीं खत्म करेगा तब तक ये संधि जो है अगेंस्ट में यानी कि स्थगित रहेगा ।जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा अपने वक्तव्य में उसको मैं दोहराना चाहूंगा कि आतंकवाद और बातचीत दोनों साथ में नहीं चल सकता। आतंकवाद और व्यापार साथ में नहीं चल सकता और पानी और खून दोनों साथ में नहीं बह सकता। जहां तक आतंकवाद का सवाल है उसपे बात अब इस मुद्दे पर होगी***

***पाकिस्तान से कि जो हम लोगों ने उनका आतंकियों का सूची जो दिया था उनको कुछ साल पहले उनको हमारे हवाले करें और जहां तक जम्मू कश्मीर का सवाल है उसपे दो पक्षीय रूप से ही बात होगी वह सिर्फ और सिर्फ इस बात पर होगी कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वो खाली करेगा अपना अवैध तरीके से उसपे जो कब्जा है उसको।***

**वन आवरण**

राज्य सरकार ने वन आवरण को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत वन विभाग निजी उद्यमियों के साथ पांच वर्ष की अवधि के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा। इसका उद्देश्य वन भूमि पर पौधरोपण कर वन क्षेत्र को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस वित्त वर्ष के बजट भाषण में इस योजना का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य में स्थानीय लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा।

**संगोष्ठी**

पुण्य श्लोक लोक माता अहिल्याबाई होलकर की तीन सौवीं जन्मशताब्दी के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आज सोलन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी संजय टंडन ने इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी इस मौके विशेष रूप से मौजूद रहे। वंदना योगी ने कहा कि पुण्य श्लोक लोक माता अहिल्याबाई होलकर ने समाज सुधारों पर विशेष ध्यान दिया और विधवाओं के उत्थान के लिए अहम कदम उठाए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया।

***जिन समाज सुधारको ने वीर वीरांगनाओं ने हमारे देश के लिए कुछ किया है उनको भाजपा याद कर रही है। और मां को याद करने का भी यही कारण है कि मां का चित्र है पुण्य श्लोक यानी कि जो पुत्री हो तो कैसी और पुत्रवधू हो तो कैसी,पत्नी हो तो कैसी, मां हो तो कैसी,नेता हो तो कैसा, ऐसा जीवन चरित्र जिनका रहा है। ऐसी देवी मां के सचित्र से हम बहने भी प्रेरित हो और समाज हित में अग्रणी भूमिका में रहे। इस नाते इस मा की जयंती को21 तारीख से 31 तारीख तक देश भर में भाजपा पूरे जोरों शोरों से मना रही है।***

**रिजर्व बैंक**

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत के चालू वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। बैंक की आज जारी वार्षिक रिपोर्ट में घरेलू खपत में वृद्धि, मजबूत बैंक, कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और निरंतर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय से विकास को बढ़ावा मिलने का अनुमान है। अच्छे मॉनसून, वस्तुओं की कम कीमतों और बेहतर आपूर्ति श्रृंख्लाओं की सहायता से मुद्रा स्फीति में कमी आने की संभावना है। देश के निर्यात को वैश्विक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन व्यापार सौदे जोखिमों की भरपाई कर सकते हैं। विनिर्माण और निर्माण का विस्तार होने से नौकरियों और मांग में वृद्धि होगी।

**महाराणा प्रताप**

आज महाराणा प्रताप की जयंती है। वर्ष 1576 में हुए हल्दी घाटी के युद्ध के दौरान दिखाई गई वीरता के लिए महाराणा प्रताप को विशेष रूप से याद किया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना किया और कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश और समाज के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य किया।

**महेंद्र धर्माणी**

इस बीच महाराणा प्रताप की जयंती पर बिलासपुर ज़िले के घुमारवीं में समाज सेवी संस्था संस्कार सोसायटी द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए श्रीमद् भगवद गीता और रामायण पर आधारित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर नशे से दूर रहेने का आहवान किया गया।

**कुमार भी अगेन चित्त घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत बच्चों को संस्कार के साथ जोड़कर के उनको अपने सामाजिक सरोकारों के साथ जोड़ने का प्रयास और उसे प्रयास के माध्यम से बच्चे संस्कारित होकर के इस समाज में नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाएं उसका हिस्सा बने और स्वयं के जीवन को आदर्श राम के जीवन मूल्य पर चलते हुए सार्थक बनाएं इस गतिविधि के माध्यम से एक जागरूकता का प्रयास हम सब ने मिलकर के किया हा।**

**शिमला ग्रीष्मोत्सव**

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन पहली से 5 जून तक किया जाएगा। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि इस दौरान पंजाबी, बॉलीवुड और स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मोत्सव का आयोजन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नशे के खिलाफ अभियान की थीम पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक से 5 जून तक प्रतिदिन पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने महानाटी का आयोजन होगा।

**आयुष –योग दिवस**

आगामी 21 जून को दुनिया भर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जो मंत्रालयों, संस्थानों और नागरिकों को समग्र स्वास्थ्य के प्रति साझा प्रतिबद्धता में जोड़ता है। उन्होंने सरकार के समग्र दृष्टिकोण के महत्व पर बल दिया ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हर नागरिक तक योग पहुंचाने के दृष्टिकोण को साकार किया जा सके। आयुष मंत्री ने बताया कि इस वर्ष मंत्रालय ने एक बड़े स्तर पर भागीदारी का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत 21 जून को विशेष आयोजन योग संगम का आयोजन किया जाएगा। इसमें एक लाख से अधिक योग कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाएंगे। इस राष्ट्रीय समारोह की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आंध्र प्रदेश के विजाग में करेंगे।

**मांडविया**

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया 31 मई को सिरमौर ज़िले के कालाअंब में 30 बिस्तरों वाले नवनिर्मित ई.एस.आई.सी. अस्पताल का उद्‌घाटन करेंगे। कर्मचारी राज्य बीमा योजना के तहत बने इस अस्पताल से इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और इससे लगभग एक लाख लोग लाभान्वित होंगे। मनसुख मांडविया इस मौके पर अस्पताल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों को भी सम्मानित करेंगे।

**''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से शुरू–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– किसानों को दी जाएगी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी।
- वन आवरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को दी मंजूरी।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बने रहने का व्यक्त किया अनुमान।
- और पहली से 5 जून तक होगा अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव का आयोजन।

________________________